प्रेस विज्ञाप्ति

**प्रिय पत्रकार बन्धु!** **दिनांकः— 17/09/2019**

साथी (कठिन परिस्थितियों में रह रहे बालको की मदद् हेतु संस्था) एक राष्ट्र स्तरीय एंव गैर सरकारी संगठन है, जो कि सन् 1992ई0 से भारत के विभिन्न प्रान्तो में स्थित रेलवे स्टेशनों में घर से पलायन कर आ रहे बालको को सम्पर्क कर पुनः गृहवापसी का कार्य करती है। संस्था भारत वर्ष के 07 राज्यो में कार्यरत् है। अपना कार्य करतें हुये संस्था अभी तक लगभग 80,000 बालको को उनके परिजनो से मिला चुकी है। इस कार्य में महिला कल्याण विभाग, न्याय विभाग, पुलिस विभाग एवं मिडिया का सहयोग अति सराहनीय है। इसके साथ—साथ संस्था को बाल कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने हेतु वर्ष 2014 का संस्था को राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के क्षेत्र में भारत के महामहिम द्वारा प्रदान किया गया है।

साथी संस्था एक मासीय विशेष शिविर का आयोजन करती है। जिसमें कुछ विशेष श्रेणी के बालको को चयनित किया जाता है। जिनमें स्टेशन पर नशा करने वाले, घर न जाने की इच्छा रखने वाले, कई बार घर से पलायन करने वाले तथा क्रूर स्वभाव के बालको को शामिल किया जाता है। एक मासीय शिविर में प्रतिदिन ध्यान, योगा, शैक्षिक गतिविधियों, शाश्वत, मनोरंजन, नैतिक क्रिया कलापो के द्वारा बालको के स्वभाव व उनके वाहय जीवन के प्रति आकर्षण को समाप्त करने का प्रयास किया जाता है, इसके साथ—साथ शिविर में कुछ संसाधनो, मनोचिकित्सक, काउन्सलर, शिक्षिको, सामाजिक कार्य विद्यार्थियों को भी शामिल किया जाता है तत्पश्चात् बालको में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलते है, तथा 80प्रतिशत बालक घर जाने को तैयार हो जाते है।

**कार्यक्रम से सम्बन्धित जानकारीः—**

इस कार्यक्रम में शिविर के 24 बालको को एवं 15 बालक साथी खुला आश्रयगृह कानपुर से शामिल किया गया। संस्था ने 1 अगस्त, 2019 से एक मासीय शिविर का प्रारम्भ **महार्षि बाल्मीकि छात्रावास** (जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय) कल्याणपुर कानपुर में किया, बालको में नित्य क्रियाकलापो के माध्यम से आये साकारात्मक परिवर्तन तथा घर जाने की अभिरूचि के अनुसार 32 बालको के माता—पिता से सम्पर्क किया जा सका है। जो कि उ. प्र., बिहार,, पश्चिम बंगााल, दिल्ली, झारखण्ड और सम्बधित है। शिविर समापन सामारोह के दौरान बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार बालको को लम्बे समय के पश्चात् उनके अभिभावको को सुपुर्द किया जा रहा है। उपरोक्त कार्यक्रम दिनांक 17 सितम्बर,2019 को ***छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कल्याणपुर,*** कानपुर नगर में साथी संस्था द्वारा संचालित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम की अतिथि श्री मती प्रमिला पाण्डेय (महापौर कानपुर नगर), श्रीमती प्रीति सिंह (सदस्य राज्य बाल संरक्षण आयोग), श्रीमती श्रुति शुक्ला (उपनिदेशक कानपुर मण्डल), श्री संदीप सिंह ( सामाजिक कार्य विभाग छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर), श्री बसवराज शैली (निदेशक साथी संस्था) आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

उपरोक्त विवरण की विवेचना करने के पश्चात् साथी संस्था आप पत्रकार बधुंओ से अनुरोध करती है। कि इस मुद्दे को जनसाधारण तक पहुंचाने का कष्ट करें, ताकि आम लोगो में ***"घर से पलायन कर रहे"*** बालको के इस मुद्दे में जागरूकता प्रसारित हो, जिससे कि बालको के पलायन की संख्या को रोका जा सकें।

नोटः— बालको से सम्बन्धित जानकारी प्रेस विज्ञाप्ति के पीछे संलग्न है।

भवदीय

**अनिल कपाड़िया**
कार्यक्रम समन्वयक
साथी उ.प्र.
9473570403, 8318797757